प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

13.02.2025/प्रादेशिक समाचार/15.00 बजे

मांडविया

केन्द्र सरकार विभिन्न राष्ट्रीय पेंशन योजनाओं को एक दायरे में लाने की योजना बना रही है। राज्यसभा में पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए केन्द्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि असंगठित क्षेत्रों के लोगों के लिए कई पेंशन योजनाएं उपलब्ध हैं। इनमें अटल पैंशन योजना, पीएम श्रमिक मंथन और पीएम श्रम योगी मंथन शामिल हैं। मांडविया ने कहा कि लाभार्थी और सरकार के बराबर योगदान से इन योजनाओं के तहत वर्तमान में लगभग 6 करोड़ लोग लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार सभी राष्ट्रीय पेंशन योजनाओं को सरल बनाकर एक छत के नीचे लाने पर विचार कर रही है।

..................................................

इंदु गोस्वामी

केन्द्रीय नवीन व नवीकरण ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद येसोनाइक ने कहा है कि मंत्रालय की कचरे से ऊर्जा उत्पादन योजना के अन्तर्गत हिमाचल प्रदेश से बायो गैस प्लांट स्थापित करने का कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। सांसद इंदु गोस्वामी द्वारा राज्यसभा में पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने ये बात कही। केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि इस योजना के तहत बायो गैस उत्पादन के लिए मंत्रालय 4 हजार 8 सौ किलो प्रतिदिन क्षमता के नए प्लांट पर चार करोड़ रूपये की केन्द्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करता है, जबकि पहले से कार्यरत प्लांट पर 4 हजार 8 सौ किलो प्रतिदिन बायो गैस उत्पादन पर तीन करोड़ रूपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। श्रीपदनाईक ने बताया कि फसलों के अवशेष को निपटाने के लिए किसानों को मशीनरी पर 50 प्रतिशत उपदान दिया जाता है।

..................................................

रेडियो दिवस

आज विश्व रेडियो दिवस है। लोगों में रेडियो के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और रेडियो के जरिए सूचना पाने को प्रोत्सांहन देने के लिए हर साल 13 फरवरी को विश्व रेडियो दिवस मनाया जाता है। यह रेडियो की विशिष्ट उपयोगिता को याद करने का भी दिन है जो दुनिया के हर हिस्से में लोगों तक पहुंचता है और उन्हें एकजुट करता है। इस वर्ष विश्व रेडियो दिवस का विषय ''रेडियो और जलवायु परिवर्तन है।'' विश्वरेडियो दिवस पर अपने संदेश में प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल ने कहा कि समाचार और

सूचना का प्रसार करते हुए रेडियो राष्ट्र के सांस्कृतिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि बहुजन हिताय बहुजन सुखाय के आदर्श वाक्य के साथ दुनिया का सबसे बड़ा रेडियो नेटवर्क आकाशवाणी देश के लोगों को अपनी सेवाएं दे रहा है।

..................................................

<u>बिंदल</u>

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने सिरमौर जिला के नाहन स्थित मैडिकल कॉलेज व अस्पताल के रूके हुए काम को जल्द शुरू करने का राज्य सरकार से आग्रह किया है। एक बयान में उन्होंने कहा है कि मैडिकल कॉलेज के लिए केंद्र सरकार ने 2 सौ 65 करोड़ रूपए की धनराशि स्वीकृत की है मगर प्रदेश सरकार द्वारा इस धनराशि का प्रयोग न करना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने राज्य सरकार पर अस्पताल को लेकर राजनीति करने का आरोप भी लगाया है। बिंदल ने कहा कि अस्पताल में पैरामैडिकल स्टॉफ व डॉक्टरों की कमी के चलते मरीजों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

..................................................

<u>मौसम</u>

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज हल्के बादल छाए हुए हैं। प्रदेश में पिछले कुछ समय से बर्फबारी और बारिश न होने की वजह से सूखे जैसे हालत पैदा हो गए हैं और राज्य के किसानों और बागवानों की चिंता बढ़ गई है। जनवरी महीने में 84 फ़ीसदी और फरवरी महीने में अब तक 51 फ़ीसदी तक कम बारिश दर्ज की गई है।

..................................................